
हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 22.7 डिग्री
न्यूनतम 31.8 डिग्री

11 12 घंटे पपं बंद करने के लिए तैयार नहीं डीलर्स



12 आठ भवनों को किया सील, अवैध कॉलोनी में चला बुलडोजर



## खबर संक्षेप



### ट्रस्ट ने शुरू की दो मुफ्त एंबुलेंस सेवाएं

**सोनीपत।** कोमल ट्रस्ट ने दो मुफ्त एंबुलेंस सेवाओं की शुरुआत की है। एक एंबुलेंस मरीजों को ले जाने के लिए है, जबकि दूसरी लावारिस शवों को अस्पताल से श्मशान घाट तक पहुंचाने और उनका सम्मानजनक अंतिम संस्कार करने के लिए उपलब्ध कराई गई है। सोमवार को नागरिक अस्पताल में पहुंचे विधायक निखिल मदान ने हरी झंडी दिखाकर गाड़ियों को रवाना किया। कोमल ट्रस्ट के समर राणा और अमित कुमार ने बताया कि यह एंबुलेंस नागरिक अस्पताल, सोनीपत से 10 से 15 किलोमीटर की दूरी तक आने वाले मरीजों को मुफ्त सेवा देगी। इस मौके पर सिविल सर्जन डा. ज्योत्सना, डा. संदीप लटवाल, डा. नितिन परसवाल समेत कई स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। विधायक मदान ने कहा कि इससे जरूरतमंद लोगों को बड़ा सहारा मिलेगा।

### भांजों ने मामा के मकान में की चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** दुभेटा गांव में मामा के बंद में घुस कर दो भंजो ने नकदी व आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। मकान मालिक ने अपने भांजो के खिलाफ चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव दुभेटा निवासी अनिल ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। वह चार दिन के लिए किसी काम से बाहर गया था। जब 29 अगस्त को वह घर वापिस लौटा। जब उसने अपनी अलमारी खोल कर देखी तो सामान बिखरा हुआ मिला। अलमार से 7 हजार रुपये की नकदी, एक हीरे की अंगूठी, 2 सोने की अंगूठी, एक जोड़ी कान के झुमके गायब थे। जबकि उसके भाई की अलमारी से भी तीन हजार रुपये की नकदी, दो तोले की सोने की चेन व दो सोने की अंगूठी चोरी हुई मिली। उन्होंने अपने स्तर पर पता किया तो चोरी उसके भांजे नाहरा निवासी लक्ष्य व मनीष द्वारा करनी पाई गई। पुलिस ने आरोपित लक्ष्य व मनीष के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर बरोटा में संदिग्ध हालत में युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार रोहित निवासी अकबरपुर बरोटा काफी दिनों से बीमार चल रहा था। परिजनों ने उसे कई बाद निजी अस्पताल में भर्ती करवाकर उपचार करवाया, लेकिन उसकी रिकवरी नहीं हो पा रही थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रोहित की मौत हो गई। सूचना के मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### पुलिस ने 5 हजार रुपये के वांछित को दबोचा

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस ने जान से मारने की नीयत से घर पर फायरिंग की घटना में संलिप्त 5 हजार रुपये के वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित हिसार के गांव सीसवाल निवासी सुंदर पुत्र राधेश्याम है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश करके पूछताछ के लिए चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। गांव बुसाना निवासी नरेश पुत्र महावीर ने 22 जुलाई 2022 को थाना सदर गोहाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह काम से रोहतक गया हुआ था। रात लगभग 8:39 बजे जब वह वापस लौट रहा था तो घर आने पर फायरिंग कर दी।

## खेत डूबने की आशंका से किसान बेचैन, प्रशासन राहत-बचाव दलों के सहारे हालात से निपटने की तैयारी में

# हथिनीकुंड से छोड़ा 3 लाख क्यूसेक पानी, यमुना का जलस्तर बढ़ा, 30 गांवों पर मंडरा रहा बाढ़ का खतरा

### आज शाम तक जिले की सीमा में प्रवेश करेगा पानी, हो सकती है मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हथिनीकुंड बैराज से लगातार छोड़ा जा रहा पानी यमुना किनारे बसे गांवों के लिए फिर से आफत बन सकता है। सोमवार को बैराज से करीब साढ़े तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो मंगलवार शाम तक सोनीपत क्षेत्र में पहुंचने की संभावना है। इससे भैरा-बांकीपुर, मनौली, जाजल टोंकी, खुर्मपुर और दहिसरा समेत लगभग 30 गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीणों को अलर्ट रहने की चेतावनी दी गई है।

यमुना के बढ़ते जलस्तर ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। खेत डूबने की आशंका से किसान बेचैन हैं, जबकि प्रशासन राहत-बचाव दलों को सक्रिय कर हर हालात से निपटने की तैयारी में जुट गया है। मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा की चेतावनी के बाद डीसी सुशील सारवान ने 5 सितम्बर तक जिले में अलर्ट घोषित किया है। सभी अधिकारियों को मुख्यालय पर डटे रहने के आदेश दिए गए हैं।

### हजारों एकड़ फसल पर संकट के बादल

लगातार बारिश के कारण पहले ही सब्जियों की फसलें पूरी तरह चौपट हो चुकी हैं। अब यमुना के बढ़ते जलस्तर ने करीब 2 हजार एकड़ धान व अन्य फसलों को डूबने की आशंका बढ़ा दी है। खेतों में कटाव शुरू हो गया है और कई रास्ते बहने लगे हैं। पशुचारे की भी भारी कमी हो गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानी बढ़ गई है।



**सोनीपत।** गांवों में लोगों को बचाव कार्य की जानकारी देते अधिकारी।

### राहत-बचाव दल तैनात

ग्रामीण इलाकों में पंप सेट लगाकर पानी निकालने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। आपदा प्रबंधन दलों को मुस्तैद कर दिया गया है। हालांकि फिलहाल यमुना का पानी खतरे के निशान से नीचे है, लेकिन बैराज से लगातार छोड़ा जा रहा पानी आने वाले दिनों में स्थिति को गंभीर बना सकता है। किसान डरे हुए हैं कि अगर जलस्तर और बढ़ा तो उनकी बची-खुची फसल भी पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी।

### मुनादी से सतर्क किया

उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि यमुना किनारे बसे गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों और पशुधन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। कंट्रोल रूम से हर पल स्थिति पर नजर रखी जा रही है। सभी बाढ़ चौकियों पर पर्याप्त संसाधन मुहैया कराए गए हैं। लोगों को भी सावधान रहने की जरूरत है। प्रशासन मुस्तैद है और हर समय तैयार खड़ा है।

### अस्थायी ठहराव का इंतजाम

प्रशासन ने गांवों के सरपंचों और नंबरदारों के सहयोग से स्कूलों, चौपालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ग्रामीणों और पशुओं के ठहराव के लिए अस्थायी इंतजाम कर लिए हैं। यह व्यवस्था किसी भी आपात स्थिति में तत्काल उपयोग में लाई जाएगी। लोगों को हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। प्रशासन पूरा सहयोग करेगा और प्रशासनिक टीम पूरी मेहनत के साथ अभी से काम में जुट गई है।

### विधायक ने यमुना किनारे गांवों का दौरा कर अधिकारियों को दिए निर्देश



**गन्नौर।** यमुना नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे किनारे बसे गांवों में कटाव शुरू हो गया है। खेतों की मेंडें बहने लगी हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। हालात को देखते हुए हलका विधायक देवेंद्र सिंह कादियान ने सोमवार को यमुना किनारे गांवों का दौरा किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। विधायक ने एसडीएम, सिंचाई, राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ यमुना घाट पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नदी के किनारे बसे गांवों में ठीकरी पहरा लगवाया जाए और गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क किया जाए।

### पबनेरा गांव में जमीन कटाव, अब तक 40 एकड़ भूमि बही

**गन्नौर।** हथनीकुंड बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी के चलते यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर गन्नौर क्षेत्र के गांवों, खासकर पबनेरा और बेगा पर दिखाई दे रहा है। नदी का बहाव तेज होने से खेतों में खड़ी फसलें, ट्यूबवैल और बिजली के पोल तक बह चुके हैं। अब तक पबनेरा गांव की करीब 40 एकड़ उपजाऊ भूमि यमुना में समा चुकी है। तेज कटाव के चलते किसानों की धान, ईंख और सब्जियों की फसलें तो पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। साथ ही ट्यूबवैल और बिजली पोल भी पानी में समा गए हैं। किसान इंद्र की एक एकड़, तारा चंद की चार एकड़, ब्रह्मा की एक एकड़, रामदिया की दो एकड़ और बिट्टू की करीब 10 एकड़ जमीन कटाव की भेंट चढ़ चुकी है। खास बात यह है कि बिट्टू के तीन ट्यूबवैल और लगभग 10 बिजली पोल भी बह गए हैं। कुछ दिन पहले तक नुकसान लगभग 25 एकड़ था, लेकिन अब यह बढ़कर 40 एकड़ तक पहुंच चुका है। किसानों का कहना है कि हर साल यमुना का बहाव उनकी जमीन को काट लेता है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं निकला। इस बार हालात पहले से ज्यादा खतरनाक हैं। ग्रामीणों ने विधायक और प्रशासन से स्थायी तटबंध बनाने की मांग की है।





### स्थायी समाधान की मांग

वर्ष 2011 से अब तक यमुना के कटाव से लगभग 200 एकड़ उपजाऊ भूमि बह चुकी है। वर्ष 2011 और 2023 में भी यमुना का जलस्तर बढ़ने से भारी नुकसान हुआ था। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द स्थायी तटबंध नहीं बनाए गए तो आने वाले दिनों में हालात और भयावह हो सकते हैं। किसानों ने कहा कि ठोकरें या पुख्ता तटबंध बनाने की मांग कई बार उठाई जा चुकी है। सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा को भी मांग पत्र दिया, लेकिन ठोस कदम अब तक नहीं उठाए गए। एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि यमुना किनारे बसे गांवों में मुनादी करवा दी गई है ताकि लोग सतर्क रहें। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

## मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद बुजुर्गों की आंखों में संक्रमण, डॉक्टरों पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मुरथल के पास एक निजी अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद छह बुजुर्गों की आंखों में गंभीर संक्रमण फैल गया। इनमें से दो पीड़ित, गन्नौर शहर के वार्ड 8 निवासी कृष्ण व गांव बिलंदपुर के धनसिंह ने सोमवार को विधायक देवेंद्र कादियान के जनता दरबार में पहुंचे और पूरे मामले की लिखित शिकायत सौंपी। पीड़ितों का आरोप है कि दिसंबर 2023 में निजी अस्पताल में ऑपरेशन के अगले दिन ही आंखों में तेज दर्द और मवाद बनने लगा। जब अस्पताल पहुंचे तो एक दिन भर्ती किया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहां नौ दिन तक इलाज चला, पर तब तक दोनों की एक-एक आंख की रोशनी जा चुकी थी। शिकायत में आरोप है कि डॉक्टरों ने कहा – तुम्हें कुछ नहीं मिलेगा, भागो यहां से, शिकायतकर्ताओं ने बताया कि जब उन्होंने अस्पताल प्रशासन से जवाब मांगा तो बदसलूकी की गई। कहा गया, तुम पेंशन के लिए लड़ रहे हो, यहां से भागो। बाद में उन्होंने यह शिकायत सीएमओ सोनीपत को दी, लेकिन आरोप है कि जांच टीम ने अस्पताल प्रशासन के पक्ष में झूठी रिपोर्ट तैयार कर दी। विधायक कार्यालय में हुए जनता दरबार में बिजली, पानी, सड़कों की मरम्मत, पेंशन और कार्यों से जुड़ी कुल 130 शिकायतें दर्ज की गईं।



**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान हलके के लोगों की समस्या सुनते हुए।

### अब डेंगू और मलेरिया के मरीज बढ़े

**सोनीपत।** लगातार हो रही बारिश और जलभराव के कारण जिले में मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार अब तक डेंगू के कुल 29 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 14 मरीज शहरी क्षेत्र से हैं, जबकि गन्नौर में 6, बड़खालसा में 4, फिरोजपुर बांगर और जुआ में 2-2 तथा गोहाना में 1 मामला दर्ज हुआ है। इसी तरह मलेरिया के भी 11 मामले रिपोर्ट किए गए हैं। इनमें बिस्वामील, गन्नौर, गोहाना और शहरी सोनीपत से 2-2 केस मिले हैं। वहीं मुडलाना, फिरोजपुर बांगर और हलालपुर से 1-1 मरीज की पुष्टि हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार हो रहा जलभराव मच्छरों की संख्या बढ़ा रहा है, जिससे हालात चिंताजनक बनते जा रहे हैं। विभाग ने बचाव और जागरूकता अभियान तेज कर दिए हैं।

## कूड़ा बाहर रखने पर टीम ने काटे चालान तो दुकानदारों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गीता भवन चौक क्षेत्र में दुकानदारों के खिलाफ कूड़ा बाहर रखने पर चालान काटे गए। निगम कर्मचारियों ने चालान बुक लेकर दुकानदारों पर कार्रवाई की, जिससे बाजार में हड़कंप मच गया। इस कार्रवाई का मार्किट एसोसिएशन ने विरोध जताया। गीता भवन मार्किट एसोसिएशन के प्रधान जतिन डेम्बला ने आरोप लगाया कि नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी न तो सुबह और न ही शाम को इस इलाके में आती है। ऐसे में दुकानदार चाहकर भी कूड़ा निस्तारण नहीं कर पा रहे। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही के बावजूद दुकानदारों को जिम्मेदार ठहराना अनुचित है। डेम्बला ने कहा कि सुबह और रात के समय सफाई का काम ठीक से नहीं हो रहा, फिर भी दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। व्यापारियों ने नगर निगम से सफाई व्यवस्था सुधारने और नियमित रूप से कूड़ा उठाने की गाड़ी भेजने की मांग की है। जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला ने कहा कि आजकल नगर निगम के अधिकारियों ने अपनी कमियों को छुपाने के लिए दुकानदारों के चालान काटने शुरू कर दिए हैं।



**सोनीपत।** गीता भवन चौक मार्केट में विरोध जताते दुकानदार।

### करवट ले रहा मौसम, एक दिन पहले आई थी मूसलाधार बरसात

# दोपहर तक धूप, शाम को शुरू हुआ बारिश का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एनसीआर में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। रविवार को मूसलाधार बारिश से शहर की सड़कों पर जलभराव का संकट देखने को मिला था। सोमवार को भी आसमान पर सुबह से ही घने काले बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं के चलते मौसम सुहावना रहा। दोपहर के समय हल्की धूप ने लोगों को राहत दी, लेकिन शाम होते-होते बारिश का सिलसिला फिर शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान सामान्य से करीब चार डिग्री कम दर्ज किया गया।

सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हल्की बारिश से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों पर जलभराव की स्थिति रही, जिससे वाहन चालकों और आम लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ीं। मौसम विभाग ने अगले 24 से 36 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में कई स्थानों पर बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। वहीं कुछ इलाकों में भारी से अति भारी वर्षा की संभावना भी जताई गई है।



**सोनीपत।** बारिश में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन।

### भारी बारिश होगी

अगले 24 से 36 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में अधिकांश स्थानों पर वर्षा और कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा की संभावना है। एनसीआर में मंगलवार को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा के आसार बन रहे हैं। वहीं बुधवार को कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। उसके बाद वर्षा की तीव्रता में कमी आएगी।

*-डॉ. प्रेमदीप, मौसम विज्ञानी, केवीके, जगदीशपुर*

### किसानों की चिंता बढ़ी

कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। जिले में 90 हजार हेक्टेयर भूमि पर धान की रोपाई की गई है। कई दिनों से हो रही वर्षा से किसानों में भी कहीं खुशी तो कहीं गम जैसी स्थिति बनी हुई है। जिन क्षेत्रों में वर्षा के पानी की निकासी नहीं है, उस क्षेत्रों के किसानों की मौसम के मिजाज ने चिताएं बढ़ा दी है, वहीं जिन क्षेत्रों में निकासी का बेहतर प्रबंध हैं वहां किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। कृषि विभाग ने मौसम के मिजाज को देखते हुए फसलों में पानी एकत्रित न होने देने की सलाह दी है।

### ये सुझाव दिए

- सिंचाई या रासायनिक छिड़काव न करें
- खेत में उचित जल निकासी बनाए रखें और रुके हुए वर्षा जल को तुरंत हटा दें।
- उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग से बचें
- वर्षा के दौरान सावधानी से वाहन चलाएं
- जल निकायों के पास न जाएं
- गरज के दौरान कृषि कार्य स्थगित करें
- कटी फसल खुले में न रखें
- जलभराव वाले क्षेत्रों में न जाएं
- कमजोर ढांचों के पास न खड़े हों

## ढाबे पर खाने के लिए आई अमेरिका की डॉक्टर से अभद्रता एक कर्मचारी पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित एक ढाबा पर अमेरिका निवासी एक महिला चिकित्सक के साथ अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला चिकित्सक ने मुरथल थाना पुलिस को शिकायत दी है, जिसके आधार पर ढाबे पर तैनात एक कर्मचारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ढाबे पर लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि मामले की गंभीरता से जांच की जा सके।

मिली जानकारी के अनुसार, महिला चिकित्सक 31 अगस्त की शाम करीब 5 बजे अपने परिवार के सदस्यों के साथ एक ढाबे पर भोजन करने पहुंची थी। इस दौरान वहां मौजूद एक कर्मचारी ने उसके साथ अनुचित और अभद्र व्यवहार किया। अचानक हुई इस घटना से पीड़िता और उसका परिवार आहत हो गया। पीड़िता ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिकायत दर्ज होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपित कर्मचारी की पहचान कर ली गई है। साथ ही, ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि घटनाक्रम की स्पष्ट जानकारी मिल सके। इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले को पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है।

### कार्रवाई की तैयारी

- परिजनों के साथ ढाबे पर आई थी महिला चिकित्सक
- पुलिस सीसीटीवी को खंगालने में जुटी

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
2 सितंबर 2025

विशेष
शिक्षक दिवस
5 सितंबर



# सबसे बड़ा शिक्षक है समय

समय अच्छा हो या बुरा, समयानुसार घर-परिवार का जीवन, प्रोफेशनल लाइफ के उतार-चढ़ाव, ये हमें ऐसे सबक सिखाते हैं कि शिक्षक भी क्या सिखाएंगे। हर समय-काल में हम जो भी करते हैं, देखते हैं, ये सब हमें व्यावहारिक जीवन का पाठ पढ़ाते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जीवन में इसकी सार्थकता, उपयोगिता को हर किसी को जरूर समझना चाहिए।

आवरण कथा
**डॉ. मोनिका शर्मा**

घड़ी की टिक-टिक के साथ जिंदगी में हर पल, हर दिन, सामने आने वाले उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख और सफलता-असफलता से जुड़े कई बदलाव। यानी, साथ चलने वाला समय जो सिखाता है, वो कोई नहीं सिखा सकता। पीड़ा का दौर हो या सुख का समय, अनगिनत सबक अपने साथ लाता है। यह हमसे जुड़े हालातों की ही नहीं, खुद हमारी हिम्मत और सूझ-बूझ की हकीकत से रूबरू करवा देता है। वक्त वाकई एक शिक्षक की तरह ही है, जो जीवन से जुड़े कितने ही फ्रंट्स पर एक नया नजरिया देता है। सीख और समझ के नए पाठ पढ़ाता है। कभी सजगता तो कभी सकारात्मकता के सबक देता है। जिंदगी का ऐसा कोई पहलू नहीं, जिससे जुड़ी सीख शिक्षकों से नहीं मिलती। कुछ इसी तरह समय भी जीवन के हर पक्ष पर कोई ना कोई सबक देता ही है, जरूरत इस बात की होती है कि वक्त के हर पड़ाव पर मिलने वाले अच्छे-बुरे सबक हम याद रखें।

## सीखना एक सतत प्रक्रिया

'जब तक जीना तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।' स्वामी विवेकानंद का यह कथन व्यावहारिक धरातल से जुड़ा सच है। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है। समय की धारा में जीवन के पड़ाव बदलते रहते हैं। परिस्थितियों में उतार-चढाव आते रहते हैं, पर जिंदगी का हर लम्हा कुछ ना कुछ समझाकर जाता है, कभी दुःख में कोई सीख हमारे हिस्से आती है तो कभी सुख कोई पाठ पढ़ा जाता है। जीवन के कठिन दौर में इंसान धैर्य और ठहराव का सबक सीखता है। वहीं सहजता और खुशियों को जीते हुए सहृदय और विनम्र बनने की सीख मिलती है। समझने वाली बात यह है कि दोनों ही हर तरह की परिस्थितियों के, एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह जीवन में आती-जाती रहती हैं। कहते भी हैं कि समय एक जैसा कभी नहीं रहता, वक्त के साथ बहुत कुछ बदलता और नए रंग ढलता हुआ मानवीय जीवन का हिस्सा बना रहता है। जीवन की कक्षा में शिक्षक बन सबक सिखाने वाला समय कभी नहीं ठहरता, जिसके चलते जिंदगी में नए सबक पाने के मोर्चे पर भी कोई ठहराव नहीं आता है, यही बात जीवन को गतिशील बनाए रखती है।

## हर पीड़ा का मरहम

वक्त हर पीड़ा का मरहम होता है। समय ही यह सिखाता है कि जीवन का हर दौर गुजर



जाता है, इसीलिए धैर्य और दृढ़ता का गुण हम टाइम टीचर से ही सीखते हैं। समय हमारे भीतर यह भरोसा जगाता है कि मन की टूटन हो, रिश्तों का अलगाव हो या काम-काजी जिंदगी के फ्रंट पर कोई उलझाव-बिखराव, एक दिन सब ठीक हो जाता है। बस खुद को थामे रहने की दरकार होती है। कोई नेगेटिव कदम उठाने से दूर, वक्त दुख-दर्द झेलते हुए धैर्य रखना सिखाता है। समय कभी बदलाव को स्वीकार आगे बढ़ना तो कभी हालातों का डटकर सामना करने का पाठ पढ़ाता है। कहते हैं कि समय के फेर के आगे इंसान कुछ नहीं कर सकता है। हां, इस फेर में 'टाइम टीचर' से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। सच तो यह है कि इंसान किसी पुस्तक में पढ़े पाठ को भूल सकता है पर समय के उतार-चढ़ावों से मिले किसी भी सबक को भुला पाना मुश्किल होता है। लाजिमी भी है, क्योंकि समय ऐसे सबक कठिन परीक्षा लेकर देता है। अनमोल कहा जाने वाला समय, जीवन के बहुत से पहलुओं पर वाकई अमूल्य सीख दे जाता है।

### वास्तविकता से परिचय

जिंदगी के हर फ्रंट पर वक्त इंसान को हकीकत से रूबरू करवाता है। अपने-पराए का भेद समझने की बात



हो या खुद अपने अहंकार के बदले कुछ खो देने की स्थिति, समय गुरु बन हर परिस्थिति को स्पष्टता से समझा देता है। समय के साथ बनते-बिगड़ने वाले हालात ही इंसान को जीवन के हर सच से मिलवाते हैं, कहा भी जाता है कि वक्त किसी के लिए नहीं रुकता। इसीलिए समय से मिलने वाली शिक्षाएं, जीवन में प्राथमिकताएं तय करने का भाव भी लाती हैं। बीते पल लौटकर नहीं आते, यह समझ जिंदगी को खुलकर जीने की सोच को बल देती है। समय-समय पर हुई गलतियां इंसान में गैर-जरूरी चीजों के पीछे भागते रहने के बजाय, सुकून के साथ जीने का जज्बा पैदा करती हैं। इतना ही नहीं, हकीकत के धरातल पर वक्त ही रिश्तों के कच्चे-पक्के रंगों से भी मिलवाता है। हकीकत का सामना करवाने वाला समय का फेर हमें जीवन के ही नहीं, मन के मोर्चे पर भी बदल देता है। समय इंसानी समझ के पहलू को संवारता है। तालमेल की सीख देता है। जैसे शिक्षकों की भूमिका सोच को दिशा देने में अहम होती ही है, व्यावहारिक समझ को बेहतर बनाने में भी उनका अमूल्य योगदान होता है, वैसे ही समय का पाठ समय ही पढ़ाता है।

# ऑफिस में ऐसे बनेगी अच्छी इमेज

हर वर्किंग वूमेन वर्क प्लेस पर अपनी अच्छी इमेज बनाए रखना चाहती है। यह प्रोफेशल प्रोग्रेस के लिए जरूरी भी है। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखेंगी तो आपकी वर्क प्लेस इमेज बहुत बेहतर रहेगी, कुलीग्स ही नहीं, बॉस भी आपको एप्रिसिएट करेंगे।



वर्किंग वूमेन
**प्रतिभा अग्निहोत्री**

अकसर देखा जाता है, एक ही ऑफिस में कुछ महिलाएं अपने वर्क प्लेस पर बहुत अच्छी इमेज बना लेती हैं, वहीं बाकी महिलाएं अधिक काम करके भी ऐसा नहीं कर पातीं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कुछ महिलाएं सिर्फ काम करती हैं तो कुछ काम को स्मार्टली और बेहतर ढंग से अंजाम देती हैं। आप भी जरूर अपने वर्क प्लेस पर अपनी इमेज को अच्छा बनाना चाहेंगी, तो इन बातों को ध्यान में रखें-

**पंक्चुअल रहें:** अकसर महिलाओं को लगता है कि पांच-दस मिनट ऑफिस लेट आने से क्या फर्क पड़ता है या कौन सा बॉस देख रहा है? आपकी यह सोच आपकी प्रोफेशनल इमेज को खराब करती है। एक बार खराब इमेज बन जाने पर उसे सुधारना काफी मुश्किल होता है। टाइम से दस मिनट पहले ऑफिस पहुंचने का नियम बनाएं, इससे आपके सीनियर्स को लगता है कि आप अपने काम के प्रति काफी सीरियस हैं।

### विनम्र-व्यवहार कुशल बनें

**कोई भी** गलती हो जाने पर उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करके सुधारने का प्रयास आपकी प्रोफेशनल लाइफ को बेहतर बनाएगा। अपने सहकर्मियों के साथ भी अपने व्यवहार को लचीला और सुमधुर रखें। इससे ऑफिस में आपकी छवि अच्छी रहेगी।



**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** अकसर वर्किंग वूमेन, किसी भी नए काम को करने या एक्सपेरिमेंट करने से बचती हैं, वे बने-बनाए ढर्रे पर चलना पसंद करती हैं। ऐसा करने के बजाय आप अपनी तरफ से इनोवेटिव प्रयास करें, अपने काम में अपनी क्रिएटिविटी को जोड़ें। इस तरह काम करने से ऑफिस में आपकी एक अलग छवि बनेगी, जो आपकी प्रोफेशनल लाइफ की इमेज को बेहतर बनाएगी।

**वीकनेस पर वर्क करें:** अनामिका का अपने प्रोजेक्ट पर आइडिएशन बहुत अच्छा था, लेकिन उसका एग्जीक्यूशन उतना ही कमजोर था, जिससे अकसर उसका आइडिया भी फ्लॉप हो जाया करता था। ऐसा आपके साथ ना हो इसके लिए यह समझना होगा कि कमियां हर इंसान के काम में हो सकती हैं, लेकिन जरूरी है कि अपनी उन कमियों को पहचानें, उन्हें दूर करें। वर्कप्लेस में अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयास करें, इससे आपकी छवि बेहतर बनेगी।

**समय सीमा का ध्यान रखें:** हर काम की एक निश्चित समय सीमा होती है। बेहतर है कि आप अपने हर ऑफिसियल कार्य को समय सीमा में ही समाप्त करें, इससे आपका कार्य समय पर समाप्त होगा ही, साथ ही बॉस की नजरों में आपकी इमेज भी बहुत अच्छी रहेगी।

**व्यवस्थित रहें:** अपने काम पर हमेशा फोकस्ड रहें, साथ ही व्यवस्थित भी रहें। अपनी डेस्क, कबर्ड और फाइल्स को हमेशा व्यवस्थित रखें ताकि जरूरत पड़ने पर आप इन्हें जल्दी से निकाल सकें या फिर आपकी अनुपस्थिति में कोई दूसरा भी आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सके।

# थायरॉइड जानें लक्षण-कराएं उपचार

मेडिकल एडवाइस
**डॉ. धीरज कपूर**
एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी
आर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

हाल के वर्षों में बहुत सी महिलाएं थायरॉइड की समस्या से ग्रसित हो रही हैं। क्या हैं इस रोग के कारण, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें, इससे बचाव और उपचार के बारे में डिटेल में जानिए।



हमारे शरीर में थायरॉइड नामक एंडोक्राइन ग्लैंड, गले के निचले हिस्से में स्थित होता है। इस ग्लैंड से खास तरह के हार्मोन टी-3 और टी-4 का स्राव होता है, जो शरीर की अनेक कोशिकाओं को सही ढंग से काम करने में मदद करते हैं। मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को नियंत्रित करने में भी इन दोनों हार्मोंस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इनकी कमी या अधिकता से भूख, नींद, वजन, शारीरिक वृद्धि और मनोदशा प्रभावित होती है।

**रोग के कारण :** जब थायरॉइड ग्लैंड से निकलने वाले हार्मोन में असंतुलन हो जाता है तो व्यक्ति इससे संबंधित रोग से ग्रसित हो जाता है। इसके अलावा आनुवांशिकता, जन्मजात रूप से ग्लैंड की संरचना में कोई गड़बड़ी, एंटीबायोटिक्स या स्टेरॉयड दवाओं के साइड इफेक्ट से भी थायरॉइड ग्लैंड की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

**रोग के प्रकार:** आमतौर पर इस समस्या के दो रूप देखने को मिलते हैं, पहले प्रकार की समस्या को हाइपोथायरॉइडिज्म कहा जाता है। इसमें थायरॉइड ग्लैंड धीमी गति से काम करता है। इसकी वजह से शरीर के लिए आवश्यक हार्मोन टी-3 और टी-4 बहुत सीमित मात्रा में यानी जरूरत से कम मात्रा में बनता है। इससे टीएसएच हॉर्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो ग्लैंड को अधिक मात्रा में हार्मोन बनाने के लिए उत्प्रेरित करता है। दूसरी अवस्था को हाइपरथायरॉइडिज्म कहते हैं। इसमें टी-3 और टी-4 हार्मोंस अधिक मात्रा में बनने लगता है, इससे टीएसएच यानी थायरॉइड स्टिम्युलेटिंग हार्मोन का निर्माण सीमित मात्रा में होने लगता है। रिसर्च से यह तथ्य सामने आया है कि अधिकतर लोगों में हाइपो थायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर घटने की समस्या देखने को मिलती है। हाइपरथायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर बढ़ने की समस्या एक प्रतिशत लोगों में ही देखने को मिलती है।

**प्रमुख लक्षण :** इस रोग में अलग-अलग लक्षण दिख सकते हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म में जहां वजन बढ़ना, कब्ज, बाल झड़ना, त्वचा में रूखापन, पीरियड्स में अनियमितता, थकान और सुस्ती जैसे लक्षण नजर आते हैं, वहीं हाइपरथायरॉइडिज्म में वजन घटना, लूज मोशन, बेचैनी, पीरियड्स में ज्यादा ब्लीडिंग, चिड़चिड़ापन और अनिद्रा जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**रोग के साइड इफेक्ट्स :** थायरॉइड की समस्या के कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंसीव करने से पहले महिलाओं को थायरॉइड की जांच अवश्य करवा लेनी चाहिए। अगर कोई समस्या हो तो दवाओं के नियमित सेवन से उसे दूर करने के बाद ही पारिवारिक जीवन की शुरुआत करनी चाहिए। अन्यथा इसकी वजह से मिसकैरेज और शिशु में जन्मजात मानसिक दुर्बलता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**प्रस्तुतिः विनीता**

### बचाव और उपचार



**अगर थायरॉइड** रोग से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आए तो इसकी जांच अवश्य कराएं। अगर हाइपोथायरॉइडिज्म समस्या हो तो रोजाना सुबह खाली पेट दवाओं का सेवन जरूर करें। अगर हाइपरथायरॉइडिज्म हो, तो खाली पेट दवा लेना जरूरी नहीं है, आप किसी भी वक्त दवा ले सकती हैं। हर छह महीने के अंतराल पर नियमित जांच जरूरी है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में सोयाबीन, बंदगोभी और ब्रॉक्ली से परहेज करें। नियमित जांच और दवाओं का सेवन ही इसका एकमात्र उपचार है। गंभीर स्थिति में आयोडीन थेरेपी भी दी जाती है। यह जीवनशैली से जुड़ी समस्या है, स्वस्थ आदतें अपना कर और दवाओं के नियमित सेवन से इसे आसानी से मैनेज किया जा सकता है।

# ड्राय बालों की ऐसे करें केयर



हेयर केयर
**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

बहुत सी महिलाएं अपने रूखे और बेजान दिखने वाले बालों से परेशान रहती हैं। इनके उपचार के लिए सैलून जाती हैं या कॉस्मेटिक उत्पादों का सहारा लेती हैं, लेकिन इसके बावजूद अकसर समस्या का सही समाधान नहीं मिल पाता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो कुछ बहुत ही आसान घरेलू तरीके से उपचार कर सकती हैं। कैसे, विस्तार से यहां बता रहे हैं आपको।



**तेल और दही :** आपकी रसोई में रखा सरसों का तेल और दही बालों के रूखेपन की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकता है। इसके लिए कांच की कटोरी में दो चम्मच ताजा दही लें और उसमें एक चम्मच सरसों का तेल मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके एक चिकना पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अपने सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर अच्छी तरह लगाएं ताकि यह बालों में समा जाए और आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो डालें।



**एलोवेरा जैल :** ड्राय बालों को मॉयश्चराइज करने में एलोवेरा जैल मदद करता है। एलोवेरा जैल को सीधे बालों पर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें। एलोवेरा जैल को बालों पर सीधा लगाने के बजाय आप इसे दही के साथ मिक्स कर अपने बालों पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप ताजे एलोवेरा जैल को एक कंटेनर में निकाल लें। फिर इसमें दो बड़े चम्मच दही मिक्स कर दें। अब इस मिश्रण को फेंट लें। इसे अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाकर रखें और बाद में बालों को माइल्ड शैंपू से धो डालें। इससे ड्राय बाल मॉयश्चराइज्ड हो जाएंगे।

**नीबू और दही :** बालों की रूसी से छुटकारा पाने के लिए दही और नीबू को साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। आधा कप दही में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाएं और बालों पर लगाकर आधे घंटे रखने के बाद धो लें। इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है।

**बाल बनेंगे मुलायम :** बालों को नम और मुलायम बनाने में नारियल तेल काफी फायदेमंद साबित होता है क्योंकि नारियल का तेल एक नेचुरल मॉयश्चराइजर है, जो बालों में प्रवेश करके उन्हें मुलायम बनाता है और बालों की जड़ों तक नमी पहुंचाता है। अच्छे परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार गुनगुने नारियल तेल से बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक मालिश करें और इसे आधे घंटे के लिए छोड़ दें ताकि नारियल तेल बालों में अच्छी तरह रच जाए, फिर माइल्ड शैंपू कर लें।



# बहुत जरूरी है सस्टेनेबल लाइफस्टाइल



पॉली बैग्स को कहिए 'ना'



ना होने दें पानी की बर्बादी



सोलर एनर्जी का करें यूज

अवेयरनेस
**बुशरा फातमा**

जिंदगी की भाग-दौड़ में हम अपनी सुविधाओं और लापरवाही के लिए प्रकृति पर लगातार बोझ डाल रहे हैं। आए दिन होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें आगाह कर रही हैं कि अगर हमने समय रहते प्राकृतिक संसाधनों को नहीं सहेजा तो भविष्य में छोटी-छोटी चीजों के लिए हम तरसेंगे। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में कई तरह के बदलाव लाने की जरूरत है, जो सस्टेनेबल हों, जिससे हमारी जरूरत और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।

**जरूरतों को नियंत्रित करें:** कई बार हम ऐसी चीजें भी खरीद लेते हैं, जिसकी जरूरत शायद ही कभी हमें पड़े। चूंकि वो चीज हमें पसंद आ गई तो हम उसे खरीद लेते हैं। सस्टेनेबिलिटी का पहला कदम ही यही है कि जब जरूरत हो तभी सामान खरीदें।

**प्लास्टिक का मिनिमम यूज करें:** अपने दैनिक इस्तेमाल में जितना हो सके प्लास्टिक की जगह कांच, स्टील आदि का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदेह होता है बल्कि इससे हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। किचेन में इस्तेमाल होने वाले सामानों के लिए प्लास्टिक का चुनाव बिल्कुल ना करें। बच्चों के लिए फैंसी प्लास्टिक बॉटल्स और टिफिन की जगह स्टील के टिफिन खरीदें। जब हम बाहर जाते हैं तो पानी की बोतल खरीद लेते हैं या चाय कॉफी के लिए प्लास्टिक के डिस्पोजेबल कप का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अगर हमें अपनी धरती को बचाना है और अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है तो पानी बोतल हमेशा घर से लेकर जाएं। कपड़े का बैग हमेशा साथ लेकर मार्केट के लिए निकलें ताकि प्लास्टिक बैग में सामान लेने की जरूरत न पड़े।

**रोकें पानी की बर्बादी:** यह बात हम सब जानते हैं कि साफ-मीठे पानी के प्राकृतिक स्रोत अब कम हो गए हैं, फिर भी हम पानी के अनावश्यक इस्तेमाल से खुद को रोक नहीं पाते। वर्षा जल का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए किचेन के वेस्ट वाटर को गार्डनिंग में इस्तेमाल कर सकते हैं। वॉश बेसिन में ब्रश करते समय, बाथरूम में नहाते समय पानी बर्बाद होने से रोकें।

**ऊर्जा की बचत है जरूरी:** घर में ऐसे लाइट्स लगवाएं, जिसमें ऊर्जा की कम खपत हो। संभव हो तो सोलर एनर्जी का यूज किया जा सकता है।

अगर आपकी है
रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### बुधवार-रविवार को लगेंगे जागरूकता क्लीनिक

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिले के सभी ब्लॉकों में सितंबर महिने के हर बुधवार व रविवार को जागरूकता कानूनी सहायता क्लीनिक आयोजित किए जाएंगे। सचिव ने बताया कि सितंबर महीनें में हर बुधवार और रविवार को सांय 2 से 5 बजे तक ब्लॉक के कानूनी सहायता क्लीनिक पर कानूनी सहायक व पीएलवी के नेतृत्व में कानूनी सहायता क्लीनिक का संचालन किया जाएगा।

### स्वदेशी उद्योग अर्थव्यवस्था को करते मजबूत : डागर

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के नेतृत्व व इंचार्ज डॉ. दिनेश के दिशा निर्देशन में कॉमर्स विभाग तथा करियर काउंसलिंग सेल के सामुहिक तत्वाधान में स्वदेशी उद्यमिता में युवाओं का योगदान विषय पर एक विस्तारित व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. पुष्प दीप डागर, गवर्मेंट पीजी कॉलेज ऑफ वूमेन, रोहतक रहे।

### जाहरी में ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम

**सोनीपत।** चौ. चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर गांव जाहरी में ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं परियोजना के नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि केंद्र द्वारा गांव जाहरी एवं सांदल को अंगीकृत किया गया है।

### शक्ति संयम, करुणा और समझदारी में निहित

**सोनीपत।** जैन समुदाय सोनीपत जिले में पवित्र दश लक्षण पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मना रहा है। आत्मशुद्धि, चिंतन और सर्वोच्च सद्गुणों के अभ्यास को समर्पित यह दस दिवसीय आध्यात्मिक पर्व अहिंसा परमो धर्म के शाश्वत सिद्धांत का स्मरण कराता है। इस वर्ष उपाध्याय गुप्ति सागर महाराज के आध्यात्मिक मार्गदर्शन में भक्तों को अहिंसा की महत्ता और आज के समय में प्रासंगिकता का संदेश दिया जा रहा है।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया

**सोनीपत।** महात्मा आशानंद वधवा हिंदू मंच और जिला अंधता निवारण समिति के तत्वाधान में गांव ठरु उलदेपुर में 261वां निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान हरिचंद स्नेही ने की। शिविर का शुभारंभ आचार्य जगदीश शास्त्री ककरोई के ब्रह्मत्व में यज्ञ-हवन से किया गया।

### सात लावारिस अस्थियों का गंगा में किया विसर्जन

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने सोमवार को सात लावारिस अस्थियों का विधि-विधान के साथ हरिद्वार में गंगा नदी में विसर्जन किया। यह अस्थियां जिले के विभिन्न शमशान घाटों से एकत्र की गई थीं। संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा, समाजसेवी नरेंद्र भूटानी और सतीश बाल्यान सुबह तिरंगा चौक स्थित शिवमुक्ति धाम से अस्थियां लेकर हरिद्वार रवाना हुए।

### नई ऊर्जा व संकल्प के साथ कार्य करें : सुषमा

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में समस्त इंस्टिट्यूट परिवार की ओर से नव आगंतुक छात्राओं के के लिए छात्रा-अभिप्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान की प्राचार्या प्रो. सुषमा जोशी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं ने हवन में सामूहिक आहुतियां डाली।

### भागराम ट्रस्ट के शिविर में 41 ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट का साप्ताहिक रक्तदान शिविर शहर में सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में सम्पन्न हुआ। शिविर में 41 ने रक्तदान का पुण्य कमाया। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि शुभम गोयल थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की और संयोजन स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा।

## गेल गैस की टूटी पाइपलाइन के कारण सीएनजी की सप्लाई प्रभावित

# 12 घंटे पंप बंद करने के लिए तैयार नहीं डीलर्स, सीएनजी की उम्मीद धुंधली

## ऑटो, टैक्सी, स्कूल बसों और निजी वाहन चालकों को उठानी पड़ी परेशानी

वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर एचपीएल से पाइपलाइन से जोड़ने की योजना भी अटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** सेक्टर 7 स्थित बंद पड़ा सीएनजी पंप।

जिले में सीएनजी संकट लगातार गहराता जा रहा है। गेल गैस की टूटी पाइपलाइन के कारण बीते दो सप्ताह से आपूर्ति ठप है, वहीं वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर एचपीएल की पाइपलाइन से कनेक्शन जोड़ने की योजना भी अटक गई है। इससे सीएनजी उपभोक्ताओं को जल्द राहत मिलने की उम्मीद फिर धुंधली पड़ गई है। स्थिति यह है कि जिले के सीमित स्टेशनों पर तड़के से ही लंबी कतारें लग रही हैं और अधिकांश वाहन चालक खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। जिले में गेल गैस कंपनी के 28 सीएनजी स्टेशन संचालित हैं, जबकि 24 हजार से ज्यादा वाहन पंजीकृत हैं। करीब दो सप्ताह पहले यमुना में आए तेज बहाव में बागपत के पास से गेल गैस कंपनी की सीएनजी पाइपलाइन बह गई थी। जिससे जिले के पंपों पर सीएनजी आपूर्ति बाधित हो गई थी। ऐसे में वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ गई थी। दो दिन पहले गेल गैस कंपनी के पदाधिकारियों ने एचपीएल के साथ समझौता कर जिले के पंपों पर सीएनजी आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया था, लेकिन उसमें भी अब पेंच फंस गया है, जिससे सीएनजी आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद फिर टूट गई है। जिससे आटो, टैक्सी, स्कूल बसों और निजी वाहन चालकों के साथ छोटे उद्योगों की परेशानी भी चरम पर पहुंच गई है।

### अस्थायी समाधान भी अधर में लटका

जिले में सीएनजी आपूर्ति बहाल करने के लिए समस्या से निपटने के लिए गेल गैस लिमिटेड ने एचपीएल से सुल्तानपुर डबास के जरिए कनेक्शन जोड़ने की योजना बनाई थी। इससे सीमित रूप में सप्लाई बहाल हो सकती थी, लेकिन तकनीकी शर्त के तहत एचपीएल के पंपों को 12 घंटे बंद करना जरूरी है। संभावित आर्थिक नुकसान की वजह से डीलर्स इसके लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में अस्थायी समाधान भी अधर में लटक गया है। ऐसे में जिले के पंपों पर सीएनजी आपूर्ति के लिए इंतजार और लंबा हो गया है।

### उठाएंगे मांग

स्थिति को देखते गेल गैस डीलर्स एसोसिएशन ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री से हस्तक्षेप की मांग करने का निर्णय लिया है। जल्द ही सोनीपत में डीलर्स की बैठक होगी, जिसमें आगामी रणनीति तय की जाएगी। एसोसिएशन का कहना है कि उपभोक्ताओं की मुश्किलें अब चरम पर पहुंच चुकी हैं, ऐसे में सरकार को तुरंत समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। एसोसिएशन के अध्यक्ष राज सिंह दहिया ने बताया कि सभी सीएनजी स्टेशनों पर आपूर्ति बहाल करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। डीलर्स के साथ जल्द बैठक की जाएगी। उसके बाद केंद्रीय मंत्री से मिलकर जल्द समाधान की अपील की जाएगी।

### आपूर्ति हो रही सीएनजी

शहर में राज सीएनजी स्टेशन, प्रेम सीएनजी स्टेशन, बड़वासनी और गोहाना रोड स्थित अजय फिलिंग स्टेशन पर सीमित समय के लिए सीएनजी आपूर्ति हो रही है। ऐसे में इन स्टेशनों पर तड़के से ही लंबी कतारें लग जाती हैं। सीमित स्टाक और तय समय के कारण अधिकांश उपभोक्ता खाली हाथ लौट रहे हैं। आटो और टैक्सी चालकों का कहना है कि डीजल या पेट्रोल पर गाड़ी चलाना घाटे का सौदा है, क्योंकि खर्चा दोगुना हो गया है और आमदनी आधी रह गई है। कई स्कूल बस संचालकों ने तो अस्थायी तौर पर गाड़ियां खड़ी कर दी हैं।

# पोस्टर बनाने में स्नेहा तो व्यापार विचार में दीपिका ने मारी बाजी

- राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राएं साथ में कॉलेज स्टाफ।

राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत में उद्यमिता पखवारा के अंतर्गत पोस्टर व स्लोगन लेखन और सर्वश्रेष्ठ व्यापार विचार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, कोमल द्वितीय एवं नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर बनाओ प्रतियोगीता में स्नेहा प्रथम, खुशी ने द्वितीय एवं हिमांशी व नीतू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ व्यापार विचार प्रतियोगीता में दीपिका ने प्रथम, तनिषा व जाह्नवी ने द्वितीय एवं ज्योति व काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन डॉ. वंदना नासा कार्यवाहक वाणिज्य विभाग और प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. सुनील कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अन्य सदस्यों में डॉ. नीलम, डॉ. रेखा, डॉ. पूनम, सविता, मीनाक्षी, अरुण आदि मौजूद रहे।



टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए सीएम विज साथ में अन्य।

## टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर सीएम विज ने इस वर्ष कक्षा दसवीं व बारहवीं में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विज हर वर्ष अपने पिता स्वर्गीय जस्टिस एचएल विज की याद में बोर्ड कक्षाओं में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हैं। इस बार उन्होंने ब्राइट स्कॉलर स्कूल में कक्षा बारहवीं से टॉप करने वाली छात्रा आस्मी को 5100 रुपए का चेक, कक्षा दसवीं से टॉप करने वाले दो विद्यार्थियों अग्रिम व आरुष को 3100 का चेक देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस प्रकार का सम्मान पाने से विद्यार्थी का हौसला बढ़ता है उसे आगे बढ़कर और अच्छा करने के लिए प्रेरणा मिलती है। इस दौरान हेडमिस्ट्रेस स्वाति बालियान, डायरेक्टर ऑपरेशन्स गौरव शर्मा भी मौजूद रहे।

### महिला विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के तत्वावधान में आयोजित प्रायोगिक पुरातत्वः मिट्टी के बर्तन एवं पाषाण उपकरण निर्माण तथा राखीगढ़ी में अन्वेषण विषय पर आधारित तीन दिवसीय कार्यशाला का आज समापन हो गया। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने आयोजकों को बधाई देते कहा कि यह तीन दिवसीय कार्यशाला विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और अनुभवपरक सिद्ध होगी। कार्यशाला में प्रायोगिक गतिविधियों ने प्रतिभागियों को प्राचीन जीवन शैली और तकनीकों का प्रत्यक्ष ज्ञान प्रदान किया है। यह कार्यशाला शैक्षणिक दृष्टि से एवं शोधार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर इतिहास एवं पुरातत्व के क्षेत्र में नए दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक भूमिका निभाएगी। समापन के मुख्य अतिथि एशियाटिक सोसाइटी फॉर सोशल साइंस एंड रिसर्च के अध्यक्ष डॉ. आशु ने कहा कि प्रायोगिक पुरातत्व अतीत से संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है और यह हमें समझने में मदद करता है कि प्राचीन काल की तकनीकें व जीवनशैली कितनी समृद्ध और उन्नत थीं।

### प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**सोनीपत।** भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की जिला स्तरीय बैठक रविवार को किसान रेस्ट हाउस सोनीपत में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान बेदी दहिया ने की, जबकि संचालन कैप्टन बिजेंद्र दहिया ने किया। बैठक में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आर्थिक सहयोग एकत्र किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र पहल ने कहा कि पंजाब के लोग हमेशा देश-विदेश में कहीं भी आपदा आने पर सेवा के लिए आगे रहते हैं। इस वर्ष पंजाब में आई आपदा के समय हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम अपने किसान भाइयों का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि संगठन की प्रदेश स्तरीय टीम सोमवार को आर्थिक सहयोग लेकर पंजाब जाएगी। जिला प्रधान बेदी दहिया ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास में समय लगेगा, इसलिए भविष्य में राशन और अन्य सामग्री का सहयोग भी पंजाब भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए 18 सितंबर को जिला मुख्यालय सोनीपत पर एक विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।





**सोनीपत।** जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी व ग्रामीण।

### फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम

**सोनीपत।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि, हिसार के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से रविवार को जाहरी और सांदल कलां गांव में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं परियोजना के नोडल अधिकारी डा. कुलदीप सिंह ने किसानों को संबोधित करते बताया कि वर्ष 2025 में जाहरी और सांदल कलां गांवों को विवि द्वारा अंगीकृत किया है। फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी देना है। इससे न केवल खेती की लागत कम होगी बल्कि पैदावार में भी वृद्धि होगी। डा. सिंह ने कहा कि पराली जलाना पर्यावरण और कृषि दोनों के लिए नुकसानदायक है। इससे जहां वायु प्रदूषण फैलता है, वहीं मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी कम होती है। यदि फसल अवशेष का उचित प्रबंधन किया जाए, तो यह जैविक खाद का कार्य कर सकता है और किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक साबित होगा।

### नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में विवि की टीम प्रथम

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) को नई दिल्ली में शिक्षक दिवस के राष्ट्रीय मंच पर भारत का सर्वश्रेष्ठ उभरता हुआ संस्थान पुरस्कार से सम्मानित किया है। जन सहयोग समिति एवं दिल्ली पुलिस/क्राइम ब्रांच द्वारा एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में यह समारोह आयोजित हुआ जिसमें नशा मुक्ति और महिलाओं के विरुद्ध अपराध विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में महिला विवि की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विवि एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ. बबीता ने बताया कि महिला विवि द्वारा निरंतर शिक्षा व समाज उद्धार के कार्यों के लिए मिला यह सम्मान समस्त महिला विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का सूचक है। विवि को ये सम्मान सवोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ज्ञान सुधा मिश्रा की उपस्थिति में मिला। समारोह में विवि की कुलपति प्रो. सुदेश को विशेष रूप से सम्मानित हुई। समारोह में डॉ. बबीता, प्रो. सुषमा जोशी भी सम्मानित हुईं।





राष्ट्रीय मंच पर मिले सम्मान के साथ महिला विवि की शिक्षक।



**गोहाना।** गुरु अमरदास को श्रद्धांजलि देते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### गुरु अमरदास को किया नमन

**गोहाना।** पुरानी सब्जी मंडी के समीप बड़े गुरुद्वारे में सोमवार को गुरु अमरदास की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने गुरु अमरदास को श्रद्धांजलि देकर नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि गुरु अमरदास महान समाज सुधारक और परोपकारी थे। उन्होंने सिख धर्म के प्रसार में समाजसेवा और सामाजिक बुराइयों को दूर करने का आधार बनाया। इसके लिए उन्होंने जाति भेदभाव मिटाने हेतु लंगर प्रथा को अनिवार्य किया जिससे सभी धर्म व जाति के लोग एक पंगत में बैठकर भोजन करते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश चिनदा ने की। उन्होंने कहा कि गुरु अमरदास ने यह ऐसे समाज का निर्माण किया जहां समानता, सम्मान और सेवा को प्रमुखता दी।





**गन्नौर।** भाविप के पदाधिकारी प्रतियोगिता के प्रतिभागी विजेता छात्रों के साथ ।

## यूनिक स्कूल की टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद, गन्नौर शाखा द्वारा जैन गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद पदाधिकारियों और अतिथियों ने किया। क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से कुल 62 प्रतिभागियों ने अपनी टीमों के साथ भाग लेकर अद्भुत प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता हिंदी गीत और संस्कृत गीत दो श्रेणी में आयोजित हुई। दोनों श्रेणियों में प्राप्त अंकों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। परिणाम के अनुसार यूनिक पब्लिक स्कूल, पुगथला ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आगामी प्रांतीय स्तर प्रतियोगिता में भाग लेने का गौरव अर्जित किया। जे एम यूनिक स्कूल को द्वितीय स्थान मिला जबकि नवज्योति शिक्षा सदन, भाँवर खुबडू की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रयास इंटरनेशनल स्कूल, चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल, ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल और गायत्री विद्यापीठ की टीमों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में आभा गर्ग और शशि शर्मा ने अपनी भूमिका निभाई।

# टीबी मरीजों को 10 माह से नहीं मिला पोषण भत्ता विभाग ने दिलाया जल्द से जल्द राहत का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं, जिनमें टीबी मरीजों को पोषण आहार हेतु प्रतिमाह एक हजार रुपये का भत्ता देना भी शामिल है। मगर जिले में यह योजना लगभग 10 महीनों से अटकी हुई नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार, जिले के करीब 2700 टीबी मरीजों को अब तक लगभग 27 लाख रुपये का भत्ता नहीं मिल पाया है। समय पर आर्थिक सहयोग न मिलने के कारण मरीजों को पौष्टिक आहार लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि विभाग ने हाल ही में भत्ता वितरण प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार मुख्यालय द्वारा भत्ता वितरण का पोर्टल बदले जाने के कारण मरीजों की जानकारी नए पोर्टल पर अपडेट नहीं हो पाई थी। इसी वजह से भुगतान की प्रक्रिया बाधित रही। जिले के करीब 2700 टीबी मरीजों को अब तक लगभग 27 लाख रुपये का भत्ता नहीं मिल पाया है। विभाग ने अब डाटा अपडेट करने का कार्य तेज कर दिया है। अगस्त माह में लगभग 700 मरीजों को सात लाख रुपये का भत्ता जारी किया जा चुका है। विभाग का दावा है कि शेष मरीजों को भी इस माह के भीतर उनका भत्ता मिल जाएगा।

### डाटा अपडेट किया जा रहा

उपचार के दौरान प्रत्येक टीबी मरीज को अतिरिक्त पोषण की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि सरकार ने यह आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया है। मरीजों को समय पर आर्थिक सहयोग और पोषण सहायता मिलना चाहिए। विभाग की तरफ से पोर्टल पर तेजी से डाटा अपडेट किया जा रहा है। इस महीने में सभी को भत्ता जारी कर दिया जाएगा। भत्ता समय पर जारी कर टीबी मुक्त भारत बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। **डा. तरुण कुमार यादव, जिला टीबी नोडल अधिकारी।**



जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए।

## जीवीएम की टीम रही प्रथम

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज के डिपोर्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय थिंक टैंक-2025 के अंतर्गत आयोजित बिजनेस पिच इवेंट में जीवीएम की टीमों ने प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं के साथ सफल आयोजन की बधाई दी। राज्य स्तरीय थिंक टैंक-2025 का शुभारंभ प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इसके तहत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इनमें ऐड-मैड शो में मेजबान जीवीएम, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जीवीएम की जया प्रथम रही। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन प्राध्यापिकाओं जिला रोजगार अधिकारी सविता लांबा एवं परमानेंट रिसोर्स ग्रुप ऑफ हरियाणा एवं स्टेट रिसोर्स ग्रुप से जुड़ी सुनीता ढुल ने किया। इस दौरान जीवीएम की पूर्व छात्राओं ने उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देते छात्राओं को स्व-रोजगार के लिए प्रोत्साहित किया।

**धर्म-कर्म**

## आर्य नगर काठ मंडी, चौहान कॉलोनी, जीवन नगर में आयोजित गणपति महोत्सव में पहुंचे विधायक

# गणपति भगवान रिद्धि सिद्धि और भक्तों को बुद्धि-समृद्धि देने वाले

विधायक निखिल मदान ने विघ्नहर्ता गणपति भगवान का लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचे विधायक निखिल मदान को सम्मानित करते हुए।

गणेश चतुर्थी आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सोमवार को विधायक निखिल मदान ने हिस्सा लिया। शहर के आर्य नगर में बिट्टू पंजाबी वाली गली में सिद्धि विनायक सेवा सोसाइटी द्वारा गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक निखिल मदान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान ने विघ्नहर्ता गणपति भगवान को नमन करते उनका आशीर्वाद लिया और कार्यक्रम में मौजूद सभी भक्तजनों को गणपति भगवान के जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी के पर्व की बधाई दी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व भगवान गणेश के जन्मोत्सव से जुड़ा है और भारत मे गणपति स्थापना के साथ ये पर्व शुरू होता है और फिर गणपति विसर्जन के साथ सम्पन्न होता है। साथ ही गणपति भगवान से अगले वर्ष जल्दी आने की प्रार्थना की जाती है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि भगवान गणेश को सभी संकट दूर करने वाले विघ्नहर्ता माना जाता है और वो अपने सभी भक्तों के संकट दूर करते हैं। गणपति भगवान को रिद्धि सिद्धि और भक्तों को बुद्धि एवं समृद्धि देने वाले माना जाता है। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा विभिन्न मनमोहक छवि धारण करके गणपति भगवान की वंदना की गई। इस दौरान आर्य नगर से गाजे बाजे के साथ गणपति भगवान को विसर्जन के लिए रवाना किया।

### ये रहे मौजूद

इसके उपरांत विधायक निखिल मदान ने हनुमान मंदिर जीवन नगर में आयोजित गणेश चतुर्थी के कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान सुधीर कुच्छल, अशोक शर्मा, अनिल सैन, सतीश वर्मा, सुनीता लोहचब, प्रवीन धीमान, कुलदीप टंडन, राकेश पोरिया, कुलदीप वत्स, हेमंत पंडित, पूनम वर्मा, सतीश, उज्ज्वल, पंकज वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजन। फोटो :हरिभूमि

## सत्य कभी पराजित नहीं होता : जैन

**सोनीपत।** श्री शान्तिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंडी सोनीपत में 10 लक्षण पर्व की पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शांतिधारा करने का सौभाग्य शुभम जैन आयुषी जैन रोहिणी और विधानकर्ता परिवार मदन सेन, राजकुमार, सुनील कुमार जैन परिवार को मिला। सत्य धर्म की पूर्व संध्या पर धर्म प्रभावना संघ की ओर से जैन धार्मिक तंबोला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मेयर राजीव जैन और चित्रअनावरण और दीप प्रज्ज्वलनकर्ता पार्षद अतुल जैन और सुदर्शन जैन रहे। इस अवसर पर राजीव जैन ने कहा की सत्य की आराधना के लिए मन की पवित्रता अनिवार्य है इसलिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण सत्य का है। सत्य रूप परमात्मा को हृदय में विराजमान करना चाहते हो तो अपने मन को मंदिर में बना दो। इस अवसर पर मोंटू जैन, रॉकी जैन, विपिन जैन ने कहा की सत्य कभी भी पराजित नहीं हो सकता सत्य को कितना ही आप दबा लो लेकिन एक दिन उजागर हो जाता है।

## खबर संक्षेप



### पूर्व गवर्नर सतपाल मलिक का श्रद्धांजलि समारोह 7 को

**गोहाना।** पूर्व गवर्नर सतपाल मलिक का श्रद्धांजलि समारोह 7 सितंबर को गांव छिछड़ाना में गठवाला खाप के चबूतरे पर आयोजित होगा। समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को चबूतरे पर बैठक आयोजित हुई। बैठक में समारोह की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता गठवाला खाप के अध्यक्ष कुलदीप मलिक ने की।



### बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**सोनीपत।** भारी बारिश और बाढ़ से जूझ रहे जम्मू, हिमाचल और पंजाब के पीड़ितों की मदद के लिए सोनीपत की सामाजिक संस्थाओं ने राहत सामग्री भेजी है। सेफ इंडिया फाउंडेशन, मानव अधिकार संरक्षण संघ, सक्षम सोनीपत और रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एक्सीलेंस ने संयुक्त रूप से यह पहल की। सेफ इंडिया फाउंडेशन के चेयरमैन वाईके त्यागी और प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि आमजन के सहयोग से 100 परिवारों के लिए 100 राहत किट तैयार किए गए।



### भव्य व सक्षम का स्टेट हैंडबॉल के लिए चयन

**खरखौदा।** हरियाणा स्टेट हैंडबॉल चैम्पियनशिप के लिए आयोजित सोनीपत जिला स्तरीय ट्रायल में प्रताप स्कूल के दो खिलाड़ियों - अंडर -14 वर्ग में भव्य तथा अंडर - 19 वर्ग में सक्षम का स्टेट टीम के लिए चयन हुआ। विद्यालय प्रांगण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया व हैंडबॉल प्रशिक्षिका निशा हुड्डा ने दोनों खिलाड़ियों का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### उद्यमिता पखवाड़े के तहत हुई स्लोगन प्रतियोगिता

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में उद्यमिता दिवस कार्यक्रम के तहत चल रहे उद्यमिता पखवाड़े में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या गीता ने किया। प्रतियोगिता का समन्वयन डॉ. निशा दहिया ने किया, जबकि संयोजन का दायित्व मीनाक्षी ने संभाला। निर्णायक की भूमिका में डॉ. हेमलता रही।

---

### नगर निगम टीम ने की कार्रवाई, बिना स्वीकृति के किया जा रहा था भवनों का निर्माण

# आठ भवनों को किया सील, अवैध कॉलोनी में चलाया बुलडोजर

**अवैध कॉलोनी काटकर की गई थी डीपीसी 12 तोड़ी**

- *निगम की इस सख्त कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया, टीम ने अवैध आठ भवनों को सील किया, साथ ही भवन मालिकों को नोटिस जारी करके जवाब भी मांगा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम प्रशासन ने सोमवार को अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई भवनों को सील किया और अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया। निगम की इस सख्त कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है। टीम ने अवैध आठ भवनों को सील किया गया। साथ ही भवन मालिकों को नोटिस जारी करके जवाब भी मांगा गया। साथ ही मुरथल रोड पर तीन एकड़ में अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया गया।

नगर निगम क्षेत्र से जीटी रोड, असावरपुर, एनएच-334बी और राठधना रोड पर बिना स्वीकृति से भवनों का अवैध निर्माण करवाया जा रहा है। ऐसे भवनों पर कार्रवाई करने के लिए नगर निगम की ओर से टीम का गठन किया गया। इसमें सहायक अभियंता मंजीत कुमार, सुरेश लोहान, भवन निरीक्षक आनंद किशोर व दलबीर शामिल रहे। निगम की टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए एक के बाद एक करते हुए आठ भवनों को सील किया गया। साथ ही भवन मालिकों को नोटिस भी जारी किए गए। अधिकारियों के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में व्यवसायिक या रिहायशी भवन बनाने के लिए पहले नक्शा पास करवाना होता है और मंजूरी लेनी होती है। इसके बाद ही भवन का निर्माण किया जा सकता है। बिना मंजूरी के आठ भवनों का अवैध निर्माण करवाया जा रहा था।



**सोनीपत।** भवन को सील करते हुए निगम कर्मचारी व अवैध कॉलोनी में निर्माण कार्य तोड़ते हुए।

#### अवैध कॉलोनी में चलाया बुलडोजर

मुरथल रोड पर फौजी कॉलोनी के पास कॉलोनाइजर की तरफ से तीन एकड़ में अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। नगर निगम की टीम ने कॉलोनी में 12 डीपीसी बुलडोजर से गिरवाई। साथ ही वहां पर बनाया गया कच्चा रास्ता भी उखाड़ा गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर दोबारा से कॉलोनी बसाने की कार्रवाई की तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### नगरपालिका ने अवैध रूप से भरी नींव को किया ध्वस्त

**खरखौदा।** नगर पालिका द्वारा सोमवार को अवैध कब्जा हटाओ अभियान चलाया, जो परिस्थितिवश अधूरा रहा। अभियान के अंतर्गत केवल एक अवैध निर्माण तोड़ा जा सका। संसाधनों की कमी महसूस करते हुए अन्य जगहों पर कार्रवाई नहीं की जा सकी। जिसके लिए दोबारा से शेड्यूल बनाया जाएगा और तोड़फोड़ कार्रवाई की जाएगी। दरअसल नगरपालिका ने कई अवैध कब्जों को चिन्हित कर रखा है, उन पर बुलडोजर चलाया जाना है। जिनमें मटिंडू मार्ग पर एक करीब 200 वर्ग गज के प्लाट की बाउंड्री चोरी छिपे की गई। नगर पालिका कर्मचारियों के मुताबिक जैसे ही उन्हें इस बात का पता चला तो उसे सोमवार को जेसीबी चला कर तोड़ दिया गया। खरखौदा में अतिक्रमण अभियान अवैध कब्जे तोड़ने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस मौके पर पटवारी फूल कंवार, जेई हरीश व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



**खरखौदा।** अवैध नींव को जेसीबी से हटवाते नपा अधिकारी।

---



**गोहाना।** जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र देते हुए शिक्षकगण। *फोटो : हरिभूमि*

### जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में 12 पदक कब्जाए

## ओम स्कूल के छात्रों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 12 पदक कब्जा लिए। सोमवार को पदक विजेताओं को स्कूल की एमडी निर्मल लाठर ने सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने की और संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा।

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलों में अंडर-14 आयु वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं में कक्षा 8वीं के छात्र अयांश ने योगा प्रतियोगिता में पहला, कक्षा 8वीं की छात्रा पायल और कक्षा 7वीं की छात्रा दिव्यांशी ने योगा प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं की छात्रा सानवी ने 100 मीटर दौड़ में पहला और 200 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त करके राज्यस्तर के लिए क्वालीफाई किया।

कक्षा 7वीं के छात्र सागर और कक्षा 8वीं के शौर्य ने मुक्केबाजी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 आयु वर्ग में कक्षा 12वीं के छात्र योजित ने 100 मीटर दौड़ में तीसरा और कक्षा 9वीं के छात्र हर्षित ने मुक्केबाजी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं की छात्रा का चयन राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए किया गया।

### प्रताप स्कूल की छात्राओं ने स्टेट वुशु वुमेंस लीग में जीते 4 पदक



*खरखौदा। रेवाड़ी में आयोजित हरियाणा स्टेट वुशु वुमेंस लीग में प्रताप स्कूल की चार छात्राओं 1 रजत व 3 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। गरिमा (45 किग्रा वर्ग) ने रजत पदक, जबकि नक्ष (39 किग्रा), निधि (42 किग्रा) और अन्नू (48 किग्रा) ने कांस्य पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों के विजयी लौटने पर विद्यालय प्रांगण में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, वुशु कोच विनोद गुलिया, हरभजन सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे। ओमप्रकाश दहिया ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रताप स्कूल के लिए यह गर्व का विषय है कि हमारी बेटियां लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।*

---

## करोड़ों की लागत से लगाए थे स्मार्ट पैनल, कई पर लॉक तो कई निष्क्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के शिक्षक संघ ने विश्वविद्यालय में स्थापित स्मार्ट इंटरैक्टिव पैनल बोर्डों के सही तरीके से काम न करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। करीब दो साल पहले लगभग 1 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से लगाए गए इन बोर्डों का उद्देश्य कक्षा शिक्षण को आधुनिक और प्रभावी बनाना था, लेकिन यह योजना अब तक सफल नहीं हो पाई है। शिक्षक संघ के अनुसार इन स्मार्ट बोर्डों का उपयोग बेहद सीमित रूप से हो पा रहा है और हाल ही में कई बोर्ड लॉक या निष्क्रिय कर दिए गए हैं।



**सोनीपत।** मुरथल विवि में खराब बोर्ड।

इससे स्मार्ट क्लासरूम की अवधारणा पर सवाल खड़े हो गए हैं और छात्रों को तकनीकी सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। संघ ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन बोर्डों की आपूर्ति करने वाली कंपनी को भुगतान नहीं किया है, जिसके कारण तकनीकी विवाद अब भी जारी है। इस स्थिति से न केवल शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हुई है बल्कि प्रशासनिक लापरवाही पर भी सवाल उठ रहे हैं।

शिक्षक संघ ने कुलपति से त्वरित हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि छात्रों को उनकी फीस के अनुरूप सुविधाएं मिलनी चाहिए। संघ का कहना है कि विश्वविद्यालय की साख आधुनिक शैक्षिक उपकरणों के सही उपयोग पर निर्भर करती है, इसलिए सभी बोर्डों को जल्द से जल्द पूरी तरह से कार्यशील बनाया जाना चाहिए।

### डीक्रस्ट में निकाली तिरंगा यात्रा

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में शुक्रवार को दीक्षारम्भ कार्यक्रम के समापन के बाद दीनदयाल उपाध्याय सभागार से तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुई। तिरंगा यात्रा में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स, डीन एकेडमिक, डीन छात्र कल्याण, ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर, चीफ वार्डेंस, वार्डेंस, प्रोक्टर, डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर, कॉर्डिनेटर एनसीसी एवं एनएसएस, कॉर्डिनेटर यूजी एवं पीजी एडमिशन, विभिन्न शंकाओं के डीन, चेयरमैन्स व अन्य शिक्षक स्टॉफ ने कुलगुरु प्रो. सिंह की अध्यक्षता में तिरंगा यात्रा में भाग लिया।

## विराध सभा में ठेका सफाई कर्मचारियों को काम पर वापस लेने की मांग

- ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के बैनर तले हुई बैठक, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ, सहयोग बलि सेना यूनियन और नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की सोनीपत इकाई ने नगर निगम से हटाए गए ठेका सफाई कर्मचारियों को काम पर वापस लेने की मांग को लेकर नगर निगम पार्क में विरोध सभा का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता मंच के प्रधान मुकेश टांक ने की जबकि संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कर्मा ने किया। मुकेश टांक ने कहा कि नगर निगम ने नया प्रपोजल बनाकर ठेके का टेंडर 90 लाख रुपये तक सीमित कर दिया है और शहर में सिर्फ 300 सफाई कर्मियों से काम लेने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि जब 1,200 सफाई कर्मचारियों के बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पा रही थी, तो 300 कर्मचारी कैसे सफाई का काम संभाल सकते हैं।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद ठेका सफाई कर्मचारी।

---

## खरखौदा में जल निकासी व सफाई के टेंडर हो चुके, जल्द हालात सुधरेंगे : विधायक

- इन दिनों अपराध कम और आपसी झगड़े ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस जब सत्ता में थी, तो अपराध का ग्राफ काफी ऊपर था। जबकि भाजपा शासन में जींद में हत्या की 14 घटनाओं की जांच कराई गई तो आपसी झगड़े निकले और सभी की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। कह सकते हैं कि इन दिनों अपराध कम और आपसी झगड़े ज्यादा हैं। विधायक ने कहा कि खरखौदा में पानी निकासी और सफाई के लिए टेंडर किए गए हैं। कहने की जरूरत नहीं कि जल्द ही व्यवस्था में सुधार होगा। कांग्रेसी वोट चोरी करके अपना नेता चुनते थे। इसके विपरित भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व विधायक जगबीर सिंह मलिक व जयवीर वाल्मीकि विकास के मुद्दे पर सवाल उठा रहे हैं। भाजपा सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हर वर्ष 5 करोड रुपए विकास के लिए दिए हैं। उन्हें यह बताना चाहिए है कि वह राशि कहां खर्च की गई।



**खरखौदा।** पत्रकार वार्ता को संबोधित करते विधायक पवन खरखौदा

## चालान पेश करने पहुंचे एसआई के साथ मारपीट, वकीलों पर आरोप

- सूचना के बाद मौके पर पहुंचा भारी पुलिस बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

न्यायालय परिसर में सोमवार दोपहर को विवाद हो गया। चालान पेश करने पहुंचे एसआई के साथ वकीलों ने मारपीट कर दी। इस दौरान उनकी वर्दी फाड़ दी गई, नेम प्लेट तोड़ दी गई और आंख व कंधे पर चोट आई है। घटना की जानकारी मिलते ही न्यायालय और लघु सचिवालय परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। मोहाना थाना में कार्यरत एसआई संदीप करीब सवा 12 बजे न्यायालय परिसर में चालान पेश करने पहुंचे थे। वह अहलमद कक्ष में बैठकर चालान की नंबरिंग कर रहे थे। आरोप है कि उसकी दौरान चार-पांच वकील वहां पहुंचे और अचानक उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि वकीलों ने एसआई को थप्पड़-घूंसों से पीटा, उनकी आंख और कंधे पर गंभीर चोट पहुंचाई। उनकी वर्दी भी फाड़ दी गई और नेम प्लेट तोड़ दी गई। इसके बाद आरोपी वहां से चले गए।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी बड़ी संख्या में बल के साथ मौके पर पहुंचे और एसआई संदीप को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उनका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।

#### सीसीटीवी फुटेज से होगी पहचान

शहर थाना गोहाना में एसआई संदीप की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान के लिए न्यायालय परिसर की सीसीटीवी फुटेज निकलवाई जाएगी।

#### सीसीटीवी खंगालेंगे

एसआई सरकारी ड्यूटी पर थे और चालान पेश करने आए थे। उन पर हमला किया गया है। घटना गंभीर है, आरोपियों की पहचान सीसीटीवी से की जाएगी। इसके लिए आवेदन कर दिया गया है। **-राहुल देव, एसीपी गोहाना**

## चार दिन से टूटी है पेयजल लाइन दिए तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ककरोई रोड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से कालूपुर बूस्टिंग स्टेशन तक जाने वाली पेयजल लाइन पिछले चार दिनों से टूटी हुई थी, जिसके कारण रोहतक रोड क्षेत्र की एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों में जल आपूर्ति बाधित रही। स्थिति का संज्ञान लेते हुए नगर निगम मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को तत्काल लाइन दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

मौके पर मौजूद कनिष्ठ अभियंता सचिन शर्मा, विपिन राणा और विकास ने मेयर को बताया कि पाइपलाइन टूटने से एक किसान के खेत में पानी भर गया था, जिसके चलते किसान मरम्मत कार्य नहीं होने दे रहा था। किसान संदीप ने बताया कि पूर्व में भी उसकी फसल खराब हुई थी, लेकिन मुआवजा नहीं मिला। मेयर राजीव जैन ने किसान को आश्वासन दिया कि पूर्व में हुई फसल क्षति का भी मुआवजा दिलवाया जाएगा और वर्तमान नुकसान की भी भरपाई की जाएगी।



**सोनीपत।** पेयजल लाइन के कार्य को लेकर मौके पर पहुंचें मेयर राजीव जैन साथ में अन्य।

---

## ओपी जिंदल विवि की छात्रा से ऑनलाइन ठगी टास्क के नाम पर गंवाए 3.74 लाख रुपये

- पुलिस ने पीड़िता के बयान पर ठगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राई थाना क्षेत्र में स्थित ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी की एक छात्रा के साथ लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में छात्रा ने बताया कि 24 अगस्त से 27 अगस्त के बीच अज्ञात ठगों ने उसे ऑनलाइन टास्क पूरे करने का झांसा दिया। शुरुआत में छोटे-छोटे टास्क दिए गए, जिन पर मामूली मुनाफा दिखाकर भरोसा दिलाया गया। इसके बाद ठगों ने बड़े टास्क थमाए और लगातार पैसे जमा करवाने का दबाव बनाया। इस प्रक्रिया में छात्रा से करीब तीन लाख 74 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से जम्मू-कश्मीर हाल में विवि ओपी जिंदल निवासी छात्रा शिया ने बताया कि वह विवि में बीए की पढ़ाई कर रही है।

#### जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और साइबर सेल की मदद से ठगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी जांच के आधार पर जल्द ही आरोपितों को पकड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने लोगों को सतर्क करते हुए कहा कि ऑनलाइन किसी भी प्रकार का निवेश या टास्क आधारित काम करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांच लें। कमाई का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह लगातार सक्रिय हैं और खासकर छात्रों को अपना निशाना बना रहे हैं। सतर्कता और जागरूकता ही इनसे बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। छात्रा के मामले में पुलिस की टीमें काम कर रही है। जल्द से जल्द आरोपितों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### जन सेवा परिषद ने स्वतंत्रता संग्राम मेमोरियल पार्क में की बैठक

## पार्क की बदहाल स्थित पर जताई चिंता, सुविधाएं हों दुरुस्त

- बदहाल स्थिति को लेकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जन सेवा परिषद ने स्वतंत्रता संग्राम मेमोरियल पार्क की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए निगम प्रशासन से साफ-सफाई और सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की है। रविवार को संगठन की बैठक पार्क परिसर में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश समाजसेवी ने की। बैठक का उद्देश्य समाज में जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की योजना बनाना रहा। बैठक में पहुंचे सभी पदाधिकारियों का स्वागत रामराज सेवा समिति के संस्थापक वकील साहब जयवीर और राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश समाजसेवी ने श्रीराम नाम के पटका पहनाकर किया। बैठक में हरियाणा प्रांत अध्यक्ष प्रदीप, जिला सोनीपत अध्यक्ष अरुण, जिला मंत्री रवि, जिला सचिव प्रियांशु, जिला महासचिव सागर, गोहाना हल्का अध्यक्ष संदीप, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष अर्जुन, राई हल्का उपाध्यक्ष गौरव, राई हल्का महासचिव सावन और राई हल्का सहसचिव सौरभ समेत कई पदाधिकारी शामिल रहे।



**सोनीपत।** पार्क की बदहाल स्थिति को दिखाते परिषद के पदाधिकारी।

#### पार्क में फैली हैं अव्यवस्थाएं

बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने पार्क में फैली अव्यवस्थाओं की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि पार्क में बड़ी-बड़ी घास उग चुकी है, झूले और अन्य उपकरण टूटे पड़े हैं तथा साफ-सफाई का अभाव है। यहां डस्टबिन तक नहीं हैं, जिसके चलते लोग खाने-पीने की चीजों के रैपर और बोतलें इधर-उधर फेंकने को मजबूर हैं। जन सेवा परिषद ने निगम प्रशासन से मांग की कि स्वतंत्रता संग्राम मेमोरियल पार्क, सिद्धार्थ कॉलोनी की साफ-सफाई करवाई जाए, घास की कटाई हो, झूले और अन्य सुविधाओं की मरम्मत हो तथा डस्टबिन लगाए जाएं। संगठन ने चेतावनी दी कि पार्क में गंदगी और बढ़ी हुई घास के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ सकता है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।